हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025



# एक करोड़ की शासकीय पट्टे वाली भूमि की रजिस्ट्री के बाद नामांतरण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में राजस्व विभाग के भ्रष्ट अफसरों की कार्यप्रणाली के चलते आए दिन जमीनों से जुड़े कई तरह के चौंकाने वाला मामला सामने आना आम बात हो गई है। अब पटवारी, रजिस्टार व तहसीलदार मिलकर अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम मुंजाल हाईवे में स्थित करोड़ रुपए मूल्य की शासकीय पट्टे की भूमि का रजिस्ट्री नामांतरण करते ऋण पुस्तिका बना देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उल्लेखनीय कि अंबागढ़ चौकी स्थित राजस्व विभाग में पदस्थ अफसरों से मिलीभगत कर अंबागढ़ चौकी नगर के ग्रीनलैंड का प्लाट कटिंग कर खरीद-फरोक्त के साथ-साथ बिना रिश्वत दिए किसानों से जुड़े कार्यों का संपादन नहीं होने एवं रेत माफियाओं से मिलकर नदी-नालों का दोहन कराने के ढेरों शिकायतों के बीच एक और भ्रष्टाचार का मिशाल सामने आया है। पटवारी, रजिस्ट्रार व तहसीलदार ने मिलकर अंबागढ़ चौकी-चिल्हाटी हाईवे से सटे मुजाल स्थित साढ़े चार एकड़ भूमि का रजिस्ट्री व नामांतरण करते हुए ऋण पुस्तिका जारी कर नगर के एक सेठ को भूमि का मालिक बना दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लाखों रुपए के रिश्वत की गड्डी के सामने अंबागढ़ चौकी राजस्व के जिम्मेदार अफसरों ने शासकीय नियमों के विपरीत जाकर अपना ईमान बेचते हुए कूटरचना, षड्यंत्र कर शासन द्वारा दिए गए शासकीय काश्तकारी की भूमि का कर दिया गया। रजिस्ट्री-नामांतरण और बना दिया गया ऋण पुस्तिका।

## वनांचल जिले में अफसरों के साथ मिलकर शासकीय भूमि पर किया गया खेला

### इनके नाम पर की गई रजिस्ट्री-नामांतरण

राजस्व के दस्तावेजों के मुताबिक ग्राम मुंजाल स्थित 1.760 हेक्टर शासकीय भूमि को बालमुकुंद पिता भागवत प्रसाद निवासी अंबागढ़ चौकी से खरीद फरोक्त कर नगर के व्यापारी रमन गुप्ता पिता नंदकिशोर गुप्ता के नाम पर रजिस्ट्री, नामांतरण तथा भूमि का मालिक दर्ज करते हुए ऋण पुस्तिका बनाई गई है।




### इनकी भूमिका संदिग्ध

दस्तावेजों के अनुसार शासकीय पट्टे की भूमि का रजिस्ट्री, नामांतरण तथा ऋण पुस्तिका बनाने में तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, रजिस्ट्रॉर नरेंद्र सिंह नाग, पटवारी धीरपाल ठाकुर की बेहद संदिग्ध भूमिका बताई जा रही है।

### की जाएगी जांच

रजिस्ट्री-नामांतरण फिर ऋण पुस्तिका कैसे बनाई गई। जिसकी विधिवत परत दर परत जांच की जाएगी।

**- हेमेंद्र भुआर्य,** एसडीएम, मोहला अंबागढ़ चौकी

### कार्रवाई होनी चाहिए

लगातार राजस्व विभाग के अफसरों के खिलाफ बेहद चौंकाने वाले शिकायत जिला बनने के बाद सामने देखने को मिल रहे हैं। अब अंबागढ़ चौकी तहसील का मामला सामने आया है। जिसमें रजिस्ट्रार, पटवारी व तहसीलदार के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई तय होनी चाहिए।

**- इंद्रशाह मंडावी**
विधायक, मोहला-मानपुर

## पांच मई से शुरू होगा तीसरा चरण, जिलेभर में लगाए जाएंगे समाधान शिविर

# सुशासन तिहार में मिले सवा लाख आवेदनों में सिर्फ 16% का निराकरण, सप्ताहभर का समय शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों की मांग और समस्याओं को जानने एवं उसके निराकरण के लिए प्रदेश सरकार ने सुशासन तिहार आयोजित किया है। तीन चरण वाले इस अभियान में पहले चरण के तहत आवेदन लिए जा चुके हैं। अब दूसरे चरण में आवेदनों का निराकरण किया जाना है, लेकिन जिला निराकरण के मामले में काफी पीछे चल रहा है। आलम यह है कि पहले चरण में प्राप्त हुए लगभग सवा लाख आवेदनों में महज 16 फीसदी का ही अब तक निराकरण हो पाया है। जबकि 5 मई से तीसरे चरण की शुरूआत होनी है। ऐसे में इससे पहले निराकरण हो पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

आवेदनों के निराकरण करने के मामले में बड़े विभाग ही पीछे चल रहे हैं। इनमें नगरीय निकायों के साथ ही विद्युत विभाग, तहसील कार्यालय, समाज कल्याण, पीएचई, राज्य गृह निर्माण मंडल, नजूल शाखा जैसे विभाग शामिल हैं। इन विभागों में निराकरण का प्रतिशत सबसे कम रहा है। हालांकि इनके पास अभी आवेदनों के निराकरण के लिए समय शेष है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार की शुरूआत की गई है। तीन चरण वाले इस कार्यक्रम में पहले चरण के तहत 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए गए। इसके बाद 5 मई से शुरू होने वाले तीसरे चरण से पहले सभी आवेदनों का निराकरण करने कहा गया है। वहीं तीसरे एवं अंतिम समाधान चरण की शुरूआत 5 मई से होगी, जो आगामी 31 मई तक चलेगा। इस दौरान आवेदन करने वाले लोगों को शिविर में बुलाकार उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई बताई जानी है।

## पीएम आवास और उज्ज्वला गैस के लिए सर्वाधिक आवेदन

### विभागों को आवेदन

जनपद पंचायत 73518 आवेदन
खाद्य विभाग 10880
नगरीय निकाय 4442
महिला एवं बाल विकास 3656
नान 427
विद्युत विभाग 3016
लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी 1813
श्रम विभाग 993
तहसील कार्यालय 10381
कृषि विभाग 957
शिक्षा विभाग 1091
समाज कल्याण विभाग 2716



फाईल फोटो

### 120827 आवेदन, 19619 निराकृत

मिली जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार के तहत जिलेभर में कुल 120827 आवेदन मांग को लेकर प्राप्त हुए हैं। इनमें जिले की चार जनपद में सर्वाधिक 73518 आवेदन मिले हैं। जिनमें से 8560 का निराकरण हो पाया है। वहीं 64928 लंबित है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर सर्वाधिक आवेदन खाद्य विभाग को 10880 मिले हैं। जिनमें से 6255 का निराकरण हो गया है। सर्वाधिक आवेदन जिले में पीएम आवास और उज्ज्वला गैस कनेक्शन को लेकर ही सामने आए हैं। केवल जिला जनसंपर्क विभाग में ही कोई आवेदन नहीं आया है। शेष सभी विभाग को आवेदन इस कार्यक्रम के तहत मिले हैं।

### तीसरे चरण में आएंगे सीएम

ज्ञात हो कि पांच मई से शुरू होने वाले समाधान शिविर के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सभी जिलों में जाने वाले हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के सीएम अपना दौरा करेंगे। यही कारण है कि जिला प्रशासन प्राप्त आवेदन के निराकरण पर जोर दे रहा है। हालांकि अब तक जिले में महज 16 फीसद ही आवेदन का निराकरण किया जा सका है।

# वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे युवक से लूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने साथी के साथ बाइक में सवार होकर वैवाहिक आयोजन में शामिल होने जा रहे युवक से लूट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 अप्रैल को प्रार्थी सहदेव गोंड 49 साल साकिन सेमरादैहान थाना ठेलकाडीह जिला केसीजी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अप्रैल की रात्रि अपनी मोटर साइकिल प्लेटिना में अपने साथी नकुल सिंह ठाकुर के साथ विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम बरगा जा रहा था। वह ट्रांसपोर्ट नगर के पास रात्रि लगभग 10 बजे पानी पीने के लिए रूका था, उसी समय एक व्यक्ति गाली-गलौज करते पैसा मांगा, नहीं देने परे पास रखे डंडा से दोनों को मारपीट करने लगा।

**बाइक, मोबाइल व नगदी छीना:** नकुल के पास में रखे मोबाइल तथा पैसा 1100 रुपए एवं मोटर साइकिल की चाबी, एक नग मोबाइल जीयो को छीन लिया। विरोध करने पर पास की झोपड़ी से तलवार लेकर निकला और मारने की धमकी देने लगा, तब अपने साथी के साथ जान बचाकर भागा और किसी तरह अपने घर पहुंचा। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में धारा 296, 115(1), 309(4) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

### लूट के सामान सहित तलवार जब्त

इस मामले में थाना से तत्काल टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना पर संदेही जीतू विश्वकर्मा 24 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री हाल ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री थाना लालबाग को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से 1 नग मोटर साइकिल, 1 नग मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त तलवार जब्त किया कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# अवैध रूप से ले जा रहे थे शराब, पुलिस की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए शराब ले जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 95 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 26 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति दो स्कूटी टीवीएस जूपीटर, होंडा एक्टिवा में अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने हेतु राजनांदगांव से ठेलकाडीह की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर थाना ठेलकाडीह स्टॉफ द्वारा सूचना पर मौके पर नाकाबंदी कर अवैध शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी साजन साहू, मयंक टंडन व एक विधि से संघर्षरत बालक को डुमरडीहकला हड्डी गोदाम के सामने रोड किनारे पकड़े। जिनके कब्जे से 95 पौवा एनव्ही वेस्टो अंग्रेजी व्हीस्की शराब कीमती 11400 रुपए, बैगनी रंग का स्कूटी टीवीएस जूपीटर एवं नीला रंग का स्कूटी होंडा एक्टिवा, मोबाइल एवं नगदी रकम 8300 रुपए को जब्त किया गया।

मौके पर आरोपी का मेमोरंडम कथन व विधि से संघर्षरत बालक का कथन लिया गया। जिसमें आरोपीगण द्वारा विधि से सघर्षरत बालक को नाबालिग जानते पैसों का लालच देकर शराब का अवैध रूप से परिवहन करा क्रय-विक्रय कराना पाया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट, 78 जेजे एक्ट का पाए जाने से आरोपी साजन साहू व मयंक टंडन को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# जिपं की पहली सामान्य सभा में जलसंकट की चिंता जलजीवन मिशन के कामों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद आज जिला पंचायत की पहली साधारण सभा की बैठक आहूत की गई। जिला पंचायत सभागार में दोपहर 2.30 बजे आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य शामिल हुए और बैठक के विषयों पर चर्चा की।

8 प्रमुख विषयों को लेकर जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में कृषि विभाग के विभागीय योजनाओं की जानकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, खाद्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन विभाग की योजनाओं, लोक निर्माण विभाग की योजनाओं के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकरी लेकर उस पर चर्चा की गई। वहीं 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना 2024-25 एवं 2025-26 के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। जिला पंचायत के सामान्य सभा के दौरान सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में जल संकट को लेकर चिंता जताई। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का कार्य समय में पूर्ण कर क्षेत्र की जनता को लाभ देने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



**पेयजल उपलब्ध कराने निर्देश :** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि सामान्य सभा की पहली बैठक में पीएचई विभाग को पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में सबसे बड़ी समस्या जल संकट को लेकर सामने आई है। वहीं वन विभाग से जुड़े मामले और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतिशत सर्वे करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### प्राइवेट कंपनी से पानी लेने की तैयारी

जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने कहा कि बैठक में भू-जल स्तर नीचे जाने को लेकर बात सामने आई है। पानी की समस्या को लेकर इरिगेशन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सोमनी के फुलझर में न्यू लुक बायोडीजल प्राइवेट कंपनी द्वारा इंदावानी जलाशय में स्ट्रक्चर खड़ी कर पानी ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामवासियों के विरोध के बाद भी पाईप लाइन बिछा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आज बैठक के माध्यम से सिंचाई विभाग ईई ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### सदस्यों को मिले सही जानकारी

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने कहा कि सामान्य सभा में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सदस्य और सदन को सही जानकारी से अवगत कराएं। वहीं विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि आवास योजना में कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकियों का काम जल्द पूरा करने भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।




## पार्रीनाला दरगाह में 48वां उर्स संपन्न, शहर में निकाली चादर

# अजीम नाजा की कव्वाली ने बांधा समां, डटे रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप पार्रीनाला जलालबाग स्थित हजरत बाबा सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर इस वर्ष 48वां 4 दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अलग-अलग दिन कई प्रोग्राम हुए। वहीं 27 अप्रैल को उर्स के समापन अवसर पर मुम्बई के मशहूर कव्वाल अजीम नाजा ने कव्वाली पेश की। वहीं शहर में चादर निकाली गई।

उर्स के मौके पर जलालबाग स्थित दरगाह में खूबसूरत लाइटिंग कर दरगाह शरीफ को सजाया गया था। इस दौरान दरगाह परिसर में लंगर का आयोजन भी जारी रहा। 4 दिनों तक चले उर्स मुबारक में हजारों लोगों ने दरगाह में पहुंचकर जियारत की। उर्स के मौके पर अंतिम दिन अकिदतमंदों ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से चादर निकाली और जो शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करती हुई जलालबाग पहुंची और बाबा की शान में चादर पेश की गई।





### कव्वाली में झूमे लोग

उर्स के मौके पर जलालबाग कमेटी द्वारा कव्वाली का प्रोग्राम भी रखा गया। जिसमें देश के मशहूर कव्वाल अजीम नाजा ने अपने कव्वाली की प्रस्तुति देकर समां बांधे रखा। इस दौरन उन्होंने अपनी कई फेमस कव्वाली पेश की। हालांकि खराब मौसम के चलते कव्वाली का प्रोग्राम काफी देर से शुरू हुआ।

### हजारों ने की जियारत

पार्रीनाला दरगाह के उर्स पर छत्तीसगढ़ के आसपास जिला सहित महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। इस वर्ष भी हजारों लोगों ने बाबा की जियारत की और अपने परिवार में खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।



## खबर संक्षेप

### शिशु मंदिर के परिणाम बेहतर



**सड़क चिरचारी।** सरस्वती शिशु मंदिर चारभाटा में परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रभारी मनीषा ने किया। कक्षा अरुण में केशव प्रथम, कक्षा उदय में रिद्धि साहू प्रथम, कक्षा प्रथम में देवांश साहू, द्वितीय में विभा देवांगन, तृतीय में सोनम साहू, चतुर्थ में प्रियंका यादव, षष्टम में झलक साहू, सप्तम में नैतिक साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया गया। परिणाम घोषणा के उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष गिरवर साहू ने भैया बहनों को संबोधित किया। इस दौरान हेमप्रकाश साहू, ऋषिराम सिन्हा ,प्रधानाचार्य नूतन यादव ,आचार्य मसराम, कमलकांत साहू, सूर्यकांत तिवारी, मनीषा साहू ,कामिनी सिन्हा, पायल साहू उपस्थित थी।

### गर्मी के धान की कीमत कम



**चिचोला।** गर्मी की धान फसल पककर तैयार हो गई है। धान की अपेक्षित कीमत नही मिलने से किसान चिंतित है। पिछले साल की धान की कीमत दो हजार से 21 सौ क्विंटल थी। इस बार 18 से 19 सौ क्विंटल है। किसानों की मेहनत के अनुपात में कीमत किसानों को नहीं मिल रही है।

### कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**डोंगरगढ़।** गोड़वाना यूथ क्लब पीपरखा ने गत दिनों एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा के समापन में मुख्य अतिथि विक्की कुमार चेलक थे। इस दौरान दिनेश निषाद, मदन उईके, राधे नेताम, अंकालू धुर्वे उपस्थित थे। अतिथियों ने स्पर्धा में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया।

## लोगों के लिए साल में एक बार खुलती है गुफा

# सोमवार को खुलेगी रहस्यों भरी मंड़ीप खोल की गुफा

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

साल भर से इंतजार कर रहे लोगों को आगामी सोमवार को मंड़ीपखोल गुफा देखने और घुमने का मौका मिलेगा।आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। पर्व के ठीक चार दिन बाद सोमवार को लोग ऐतिहासिक मंड़ीपखोल गुफा को देख पाएंगे। लोगों को साल भर से इस दिन का इंतजार रहता है क्योंकि मंड़ीपखोल गुफा प्राचीन मान्यता के अनुसार साल में केवल एक दिन अक्षय तृतीया पर्व के बाद आने वाले सोमवार को खुलती है।

जानकारी अनुसार इस बार भी मंड़ीप खोल गुफा आने वाले लोगों की सहायता के लिए स्थानीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा इस दिन उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित एवं सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण मंड़ीपखोल गुफा पहुंचने का मार्ग काफी दुर्गम है। समिति द्वारा मार्ग की पहचान, समतलीकरण, पेयजल एवं गुफा के आसपास सफाई कर लोगों को अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि मंड़ीप खोल गुफा छुईखदान ब्लाक मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला के बाद जंगल रास्ते से यहां पहुंचा जाता है।

### सालभर से लोगों को रहता है इस दिन का इंतजार



#### लंबाई अज्ञात

जानकारी अनुसार कुछ साल पहले पुरातत्व विभाग ने गुफा का सर्वे किया था। कुछ कारण वश गुफा की लम्बाई ज्ञात नहीं किया जा सका पर सर्वे में पाया गया कि यह गुफा भारत की पहली एवं एशिया का दूसरे नंबर की सबसे लंबी गुफा है। इस गुफा के अंदर इतिहास के कई रहस्य छुपे है। गुफा की लंबाई अधिक होने के कारण लोगां को टार्च, मोबाईल आदि की रौशनी के सहारे अंदर जाना पड़ता है। गुफा के अंदर का रास्ता चढ़ाव, ऊतार वाला होने के साथ काफी सकरा है। लोग वैकल्पिक रौशनी के सहारे गुफा का भ्रमण करते हैं। गुफा के अंदर रौशनी पड़ने पर पत्थर टिमटिमाने लगते हैं जिससे गुफा की सुंदरता बढ़ जाती है।

#### नदी पहुंचाती है मंजिल तक

मंड़ीपखोल गुफा पहुंचने के लिए कोई स्थाई मार्ग नहीं है। जंगल के उबड़- खाबड़ रास्तों से होकर यहां पहुंचा जाता है। यहां तक पहुंचने के लिए एक नदी के किनारे किनारे कभी एक छोर से दूसरे छोर से होते हुए पहुंचना पड़ता है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों को एक ही नदी को अलग अलग जगहों पर लगभग सोलह बार पार करना पड़ता है।

#### शिवलिंग के दर्शन एवं पूजन

प्राचीन मंड़ीपखोल गुफा ठाकुरटोला जमींदारी अंतर्गत स्थित है। परंपरा अनुसार सर्वप्रथम राज परिवार के सदस्य कुल देवी को स्मरण कर गुफा का द्वार खोलते हैं। इसके बाद गुफा के अंदर स्थित शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। साल में एक बार दर्शन करने का मौका मिलने वाले के कारण लोगों में भगवान शिव पर गहरी आस्था देखने मिलती है।

#### विकास की दरकार

मंड़ीप खोल गुफा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। मंड़ीप खोल गुफा जिला के प्राचीन धरोहरों है जहां इतिहास और पुरातत्व का रहस्य छुपा हुआ है। साल में एक दिन खुलने से इसका महत्व बढ़ जाता है। ठाकुरटोला के बाद गुफा तक पहुंचने के लिए स्थाई मार्ग नहीं है। जंगल का सफर भी कठिन है। प्रशासनिक स्तर पर इस ओर ध्यान दिया जाये तो यह पर्यटन की दृष्टि से काफी विकसित हो सकता है।

# बच्चों ने किया विभिन्न आसन का अभ्यास



■ गायत्री विद्यापीठ में 7 दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच प्रातःकालीन सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योगाचार्य श्री आत्म चैतन्य एवं बाल योगी मनीष ललवानी के मार्गदर्शन में बच्चों को नियमित योग का महत्व बताते विभिन्न आसन, योग एवं प्राणायाम करवाए गए। साथ ही योग निद्रा जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास भी करवाए गए।

योगाचार्य ने बच्चों को मार्गदर्शन देते बताया कि स्वस्थ जीवन शैली हेतु उचित आहार-विहार, खानपान के साथ नियमित योग, प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन में हिस्सा बनाए। यह सभी के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों में पढ़ाई को लेकर काफी तनाव देखा जाता है। जिससे विद्यार्थी क्रोध, चिड़चिड़ेपन के शिकार हो जाते हैं। इन सभी का समाधान योग एवं प्राणायाम भी है। इन्हें आप हृदय से आत्मसात करें।

#### शिविर में दिखा उत्साह

शाला की व्याख्याता उषा झा के अनुसार शिविर के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। योग निद्रा कर विद्यार्थियों ने अपना अनुभव साझा करते कहा कि इससे मानसिक शांति के साथ-साथ एकाग्रता बढ़ती है। गहरी नींद में भी योग निद्रा कारगर उपाय है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तरणजीत सिंह टूटेजा समेत शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### समर्थन दाम पर मक्का खरीदे सरकार



**बांधाबाजार।** अंचल के ग्राम थैलीटोला, बांधाबाजार, गुंडरदेही, कोटरा, जोरातराई, राघोटोला, चिखली, शिकारीटोला, तोयागोंदी आदि गांवों के किसान रबी फसल के रुप में मक्का की बोनी करते हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में किसानों ने मक्का लगाया था जिसकी अब तोड़ाई चालू हो गई है। किसानों ने बताया कि मक्का की खेती करने में धान की तुलना में ज्यादा मेहनत और मजदूरी लगती है। खाद, बीज, कीटनाशक में भी राशि व्यय करना पड़ता है। मौसम के मार, आंधी, तुफान से कई बार बड़ा नुक्सान होता है। लागत के अनुपात में कीमत नहीं मिलने से किसान निराश है। किसानों ने शासन से समर्थन मूल्य पर मक्की की खरीदी शुरू करने की मांग की है ताकि उन्हे औने पौने दाम पर मक्का साहूकारों को न बेचना पड़े। यह जानकारी किसान भागचंद सिन्हा ने दी।

# बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में परिणाम घोषित

## टॉप फाईव आने वालों बच्चे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में रविवार वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मेम्बर गिरीश सोनी, संदीप जैन, बालकृष्ण सिन्हा सहित अन्य की उपस्थिति आयोजित कार्यक्रम में क्लॉस में टॉप फाईव में आने वाले छात्र छात्राओं को मेडल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री श्रीवास्तव ने कक्षावार परीक्षा परिणाम घोषित किया। क्लॉस नर्सरी में गीतांशी यादव, जिज्ञासा मेश्राम, प्रियांशी वारके, शशांक श्रीवास्तव, लिपक्षित हिरवानी, क्षितिज पाण्डेय,लाव्याशं साहू प्रथम, नक्श श्रीवास, अंश शर्मा, चैतन्य साहू द्वितीय, प्रिशा देवांगन तृतीय, क्लॉस एलकेजी ए में अर्पित देवांगन, हेतिका साहू, मान्या देवांगन, प्रियांशु मेश्राम, विवांशिका साहू, याचना रामटेके प्रथम, भावनेश मास्कर, प्रणव कुमार, विधि महोबिया द्वितीय, अवनि बोरकर, रियांश साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी बी में आशुतोष सोनी, भौमिक पटेल, भूमि साहू, काव्या सैनी, शिवांश श्रीवास्तव प्रथम, एकांश, काव्या पटेल, साक्षी पटेल द्वितीय, गरिमा सिन्हा, पियांशु तृतीय, क्लॉस यूकेजी ए में आराध्या बोरकर, याचना साहू, दिव्यान्त नेताम, मयंक साहू, जान्हवी प्रथम, विधित अगवाल, लक्ष्य गवर्नर द्वितीय, हुमिशा हिरवानी, रूद्रांश साहू तृतीय, यूकेजी बी में चित्रा सिन्हा, दिशा पंसारी, गीतांश साहू, मानवीय साहू, तृप्ति पटेल प्रथम, अनुष्का साहू, ख्याति देवांगन द्वितीय, शिवानी तृतीय, क्लॉस वन ए में आरूषी धनकर, अयांश धनकर, गगन साहू, नितीन राणा, शुभ अग्रवाल प्रथम, हेजल साहू, कशिश साहू, निहित साहू, शाश्वत सिंग द्वितीय, जास्मीन साहू, पल्लवी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास वन बी में अभिनव कुमार, गुंजीता पटेल, मानसी सिन्हा, नोशिका सिन्हा, साक्षी साहू प्रथम, गगन लेंझारे, हेमराज पटेल, तेजस्वनी निषाद द्वितीय, काव्यांश साहू तृतीय, क्लॉस टू ए में चुनाक्ष साहू, घनिका गुनेन्द्र, लक्ष्य साहू, टिंकू देवांगन प्रथम, चंचल रावटे द्वितीय, तनीशा राजपूत तृतीय, क्लॉस टू बी में आरजू खान, अदिति सोनी, भव्यांश साहू, पुलकित साहू प्रथम, आराध्या बघेल, दलेश्वर साहू द्वितीय, अरनाज अंसारी, सुरभि साहू तृतीय, क्लॉस टू सी में प्रिंस कौशिक, तारूणी करसेल, वंशिका ने प्रथम, रूहन बोरकर, शिवांगी सिन्हा, तक्षराज साहू द्वितीय, लावण्या निषाद, नवीन, निखिल साहू, साक्षी भुआर्य तृतीय रही।

इसी प्रकार क्लॉस थ्री ए में रघुवेन्द्र साहू प्रथम, प्रियांशु साहू द्वितीय, भावेश सिन्हा, युग साहू तृतीय, बी सेक्शन में टिया देवांगन प्रथम, धैर्य रामटेके, खुशबू साहू द्वितीय, रेणु नायक तृतीय, क्लॉस फोर ए में काव्या साहू प्रथम, सभ्य साहू द्वितीय, दिनिश गंधर्व, बिरेन्द्र साहू तृतीय, सेक्शन बी में अंशुमन श्रीवास्तव प्रथम, तान्या राजपूत, लव्य साहू द्वितीय, देवांशु गुनेन्द्र तृतीय, क्लॉस सिक्स में आफरिन खान प्रथम, वैभवी ठाकुर द्वितीय, तेजस्व राजपूत तृतीय, क्लॉस सेवन में डिम्पल कोरे प्रथम, सत्यनारायण वर्मा द्वितीय, पुष्पेन्द्र सहारे तृतीय, क्लॉस नाईन में रोहन देवांगन प्रथम, शौर्य मेश्राम द्वितीय तथा हेमलता चंद्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बदलेगी देश की दशा और दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन शहर के व्यापारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर में किया। संगोष्ठी में जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे, जागृति चुन्नी यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ लता सिन्हा, अंजू त्रिपाठी सहित अन्य शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि एक राष्ट्र- एक चुनाव से होने वाली बचत से देश के विकास में तेजी आएगी। जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे ने कहा कि एक राष्ट्र- एक चुनाव से चुनाव प्रणाली में सुधार आएगी और लोगों में लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढ़ेगा। इस मौके पर श्री पडौती, श्रीमती सिन्हा, श्रीमती त्रिपाठी, दीपक शर्मा, बालकृष्ण सिन्हा, सतीश जैन, प्रेम गोस्वामी, डां. निरेन्द्र साहू आदि ने अपने विचार रखते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव को बेहतर बताते हुए इसकी पैरवी की। इस अवसर पर मोहन सिन्हा, गोपाल टावरी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, जागेश्वर यादव, भुवन साहू, विजय जैन, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू, हेमंत चोपड़ा, दिनेश साहू, प्रफुल्ल जैन, योगेश पटेल, रामकुमार गुप्ता, निर्मला सिन्हा, राहुल जैन, जितेन्द्र सिन्हा आदि मौजूद थे।



#### चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए जरूरी

विषय पर चर्चा करते हुए श्री गांधी ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक तथा लोकतांत्रिक रूप से देश में इसकी आवश्यकता है। उन्होनें बताया कि सार्वभौमिक रूप से इसकी उपयोगिता है जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जो इस संबंध में अपनी रिपोर्ट संसद में रखने वाली है।उक्त मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की सोच केवल चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 4.5 लाख करोड़ की बचत होगी। उन्होंने कहा कि भारत की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने और सुरक्षा, संसाधनों का भार कम करने की इस तरह का प्रयास जरूरी है।

## छात्रों ने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को किया साझा

# गंडई महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का सफल समागम, विकास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में सोमवार को आईक्यूएसी के तत्वाधान में भूतपूर्व छात्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) गावस्कर कौशिक ने किया।

बैठक की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया और महाविद्यालय के विकास में उनके योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उपस्थित भूतपूर्व छात्रों ने अपने विद्यार्थी जीवन के यादगार अनुभवों को साझा किया। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति और उन्नति के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इनमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय में एमएससी की कक्षाएं प्रारंभ करने और हिन्दी विभाग में प्राध्यापक पद के लिए उच्च शिक्षा विभाग से अनुरोध करने जैसे विषय शामिल थे। पूर्व छात्रों ने यह भी सुझाव दिया कि उनका विधिवत पंजीयन किया जाए और वर्ष में कम से कम दो बार भूतपूर्व छात्रसंघ की बैठक आयोजित की जाए, ताकि महाविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच जीवंत संपर्क बना रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में भूतपूर्व छात्रसंघ के अध्यक्ष गोविन्द जंघेल, उपाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष दिलीप ओगरे, सचिव विनोद नामदेव, सदस्य अमित टंडन, पत्रकार रोहित कुमार देवांगन सहित अनेक पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा, सहायक प्राध्यापक टीएल वर्मा, पीके अमीला, क्रीड़ाधिकारी श्रीमती अनिता पौषार्य और महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याताओं ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस सफल आयोजन से महाविद्यालय और उसके पूर्व छात्रों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

#### विकास योजनाओं पर विचार विमर्श

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान महाविद्यालय प्रशासन के मध्य एक मजबूत संबंध स्थापित करना। भविष्य की विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श करना और महाविद्यालय के विकास के लिए पूर्व छात्रों के बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करना था। यह सफल कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे की अनुमति और कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अंत में रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक भागवत राम ने सभी उपस्थित पूर्व छात्रों और प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पढ़ाई तिहार में 16 बच्चों को प्रवेश

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला टटेंगा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार मेला का आयोजन किया गया। इस पढ़ाई तिहार में जागरूक माताओं, बच्चे एवं शाला समिति के सदस्यों शामिल हुए। इस दौरान शाला पूर्व तैयार की गई हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं खाद्य सामग्री वस्तु के माध्यम से प्रश्न पूछा गया। सभी बच्चों ने सही उत्तर दिया। इस पढ़ाई तिहार की प्रभारी खोमिन साहू एवं लिलेश्वरी भंडारी ने कक्षा पहली में 16 बच्चे को प्रवेश दिया। माता उन्मुखीकरण का ताज राही सुधाकर को पहनाया गया। इस दौरान नेतराम सुधाकर, लिखन सरपा, संजय साहू, चंद्रशेखर उर्वशा, पेमिन साहू, सुलोचना यादव, नेमा बारला, साधना साहू, अरुणा यादव, कंचन सुधाकर, दिलेश्वरी देवांगन, चंद्रप्रभा सुधाकर, कामनी निर्मलकर उपस्थित थे।



### पेड़ों में लगाया क्यूआर कोड

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला पंडरिया में सोमवार को जनपद सदस्य ज्योति जंघेल की उपस्थिति में प्रधान पाठिका शिवांगी पसीने ने छात्रों एवं ग्रामीणों को मिशन लाइफ यूथ एवं इको क्लब के बारे में जानकारी दिया। छात्रों को डिजीटल क्यूआर कोड के बारे में बताते हुए क्यू आर कोड़ बनाकर पेड़ों पर लगाया गया। क्यूआर कोड़ में पेड़ों के बारे में जानकारी दिया। इसके बाद मिशन लाइफ यूथ एवं इको क्लब कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सॉफ्टबाल में छात्राएं चयनित



**राजनांदगांव।** शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की 3 छात्राओं लोकेश्वरी पीजीडीसीए, वीणा बीए भाग-दो एवं पूनम बीए भाग-दो का चयन विक्रम सिम्हापुरी विश्वविद्यालय नेल्लोर आंध्रप्रदेश में 30 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन सॉफ्टबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंतर महाविद्यालयीन सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर 2024 को शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की तीनों छात्राएं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई।

#### टीम नेल्लोर रवाना

महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने जानकारी दी कि 27 अप्रैल को टीम नेल्लोर के लिए रवाना हुई। उसके पूर्व पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगाया गया था। उनकी इस उपलब्धि में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं सभी प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अभिषेक बने विहिप के नगर मंत्री



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ के मारोतिनंदन समिति बुधवारी पारा से जुड़े अभिषेक साहू को विश्व हिन्दु परिषद का नगर मंत्री नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री साहू पिछले लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक कामो में सक्रिय रहते है।

### कबड्डी स्पर्धा में विधायक हर्षिता हुई शामिल



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़, विधानसभा के ग्राम पंचायत पीपरखार में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल सम्मिलित हुई । कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है अगर हम खेल के क्षेत्र में एक लक्ष्य बनाकर आगे बढे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता मिलती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि कोई भी प्रतियोगिता में हार जीत लगी रहती है। जीतने वाले को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और हारने वाले खिलाड़ी को मायूस होने की जरूरत नहीं है वह आगे इससे भी अच्छे तरीके से जानकारी लेकर अपने खेल का प्रदर्शन कर सकते है।

### पूज्य सिंधी पंचायत ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा गोली मारकर हत्या करने की घटना की पूज्य सिंधी समाज राजनांदगांव ने कड़ी निंदा की है। मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त कर इस घटना के घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की है।
पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल नगर के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने पहलगाम में आतंकी घटना की तीखी निंदा करते कहा कि यह घटना देश की आत्मा पर हमले जैसा ही है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि आतंकवादियों को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को इसका माकूल जवाब देने का वक्त आ गया है, इसलिए तत्काल कड़े निर्णय लेकर पाकिस्तानी आतंकवादियों को सबक सिखाए। बैठक में पहलगाम घटना में मृत निर्दोष लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रम्हानंद बजाज, लोकचंद लहरवानी, सुरेश भीमनानी, लक्की आहूजा, राजा भोजवानी, सुनील आहूजा, सन्नी लहरवानी आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा

# लोहार समाज देश के विकास में अपनी भागीदारी और योगदान निभा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव शहर के मोहारा मंडई मेला स्थल पर आयोजित विश्वकर्मा जयंती उत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मलेन के जिला स्तरीय वार्षिक महासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने लोहार समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज मेहनतकश एवं परिश्रमी समाज है। वैदिक काल से आज तक देश की सामाजिक संरचना में इस समाज का महत्व एवं योगदान रहा है। पौनी पसारी का कार्य करते लोहार समाज गांव-गांव के विकास के साथ ही अस्त्र-शस्त्र के निर्माण का कार्य कर रहे हैं तथा तकनीकी दृष्टिकोण से सक्षम समाज है।

भगवान विश्वकर्मा की अद्भुत सृजनशीलता से उन्होंने मानव जीवन को रास्ता दिखाया तथा कला परिश्रम के माध्यम से विश्व का सृजन किया। लोहार समाज देश के विकास में अपनी भागीदारी और योगदान निभा रहा है। सरकार द्वारा विकास के दृष्टिकोण से अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पहले चरण में 1 लाख रुपए व दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सभी समाज को साथ लेते समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है।

कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष लोहार विश्वकर्मा समाज धनीराम विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लोहार विश्वकर्मा समाज बाबूलाल विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष लोहार विश्वकर्मा समाज राधेलाल विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, पार्षद आलोक श्रोती, प्रखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित समाज के लोग एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## परिचय सम्मेलन में हुए शामिल रमन



### चल रही कई योजनाएं

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की जा रही है। वहीं 70 लाख बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। वहीं बच्चों की पढ़ाई के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चलाई जा रही है।

### समाज के बुजुर्ग दे रहे मार्गदर्शन

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लोहार समाज एक अद्भुत समाज है, जहां समाज के बुजुर्ग मार्गदर्शन दे रहे हैं और लंबित मामलों का निर्णय समाज में बैठकर समस्या को सुलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बाद सामूहिक विवाह का निर्णय भी लें, जो समाज शिक्षित एवं संस्कारित होता है, वह आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रफुल्ल विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सरकार लोहार समाज के लिए नई सोच के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर छन्नी, झेझरी, औजार निर्माण कार्य कर अपनी आजीविका चलाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# पत्रकार कालोनी में कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव रोड में शासन स्वीकृति अनुसार राजनांदगांव प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी निर्माण किया जा रहा है, जहां नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं के तहत सीमेंट रोड, आरसीसी नाली निर्माण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर शासन द्वारा राजनांदगांव के पत्रकारों के लिए बसंतपुर-डोंगरगांव रोड में आवासीय भूमि का आबंटन किया था, जहां आबंटित पत्रकारों द्वारा आवास का निर्माण किया जाएगा। पत्रकार कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी एवं रोड नाली निर्माण के लिए शासन से पूर्व में प्रदत्त राशि से नगर निगम द्वारा सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण किया गया तथा विद्युत मंडल के माध्यम से विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर व विद्युत तार लगाया गया और अब फेस-टू के लिए प्रदत्त राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण, पीसीसी रोड व आरसीसी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका महापौर यादव, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की।

प्रेस क्लब फेस-टू में निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने जानकारी दी कि आरसीसी नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रोड निर्माण कार्य प्रगति पर है और बाउंड्रीवाल में पेंटिंग कार्य अंतिम चरण में है। महापौर यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर पाईप लाइन विस्तार एवं स्वागत द्वार निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए तथा पत्रकार कालोनी में पत्रकारों द्वारा आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा के संबंध में भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारी मिथलेश देवांगन, जितेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र सिंह जीतू, कमलेश सिमनकर, मोहन कुलदीप, बसंत शर्मा, मीरा साहू सहित कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उपअभियंता आयुषी सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# आतंकी हमले के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



**गंडई पंडरिया।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के विरोध में आज गंडई में महिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर एकत्रित होकर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया और जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए।

विगत दिनों हुए इस कायराना आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी, जिस पर गंडई महिला कांग्रेस ने गहरा रोष व्यक्त किया। इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विधायक यशोदा वर्मा, जिलाध्यक्ष आरती महोबिया, कविता जंघेल, रेणुका हिरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, हबीब खान, चेतन देवांगन, भिग्येश यादव, अय्यूब कुरैशी, अमित टंडन, बाकेलाल वर्मा, पप्पू जगत, फिरोज मेमन, मंजू नेताम और असरफ सिद्धिकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

## आज उप मुख्यमंत्री साव जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव कल 29 अप्रैल को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव 29 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे शासकीय निवास सिविल लाइन रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे चौखड़ियापारा राजनांदगांव पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1 से 2 बजे तक चौखड़ियापारा में तहसील साहू संघ राजनांदगांव के नवनिर्मित छात्रावास सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 से दोपहर 2 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव दोपहर 2 बजे चौखड़ियापारा राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे शासकीय कन्या विद्यालय घुमका पहुंचेंगे। वे दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक शासकीय कन्या विद्यालय घुमका में सामूहिक आदर्श विवाह एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 3.30 से शाम 4.30 बजे तक कर्मा भवन शीतला मंदिर तालाब के पास घुमका में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव कर्मा भवन शीतला मंदिर तालाब के पास घुमका से दुर्ग जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# वैष्णव समाज ने राजा दिग्विजय की मनाई जयंती



## राजाओं की स्मृति में मूर्ति का अनावरण

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि वैष्णव समाज की पहल पर जो राजवंशों के राजाओं की स्मृति में मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम अनुकरणीय पहल किया गया, जो अत्यंत सराहनीय है। राजाओं द्वारा नगर के बसाहट के संबंध में एवं दानवीर राजाओं के योगदान को अविस्मरणीय है। जिसको भुलाया नहीं जा सकता। आज भी जनमानस उसका लाभ ले रही है। उन्होंने आवश्यक सुझाव देते विकास के लिए जो भी धनराशि की आवश्यकता होगी, उसके लिए वैष्णव समाज को आश्वस्त किया गया। इसी तरह अन्य वक्ता कुलबीर सिंह छाबड़ा, मनोज बैद, सूर्यकांत जैन, किरण वैष्णव, दीना निषाद, राकेश ठाकुर, अंजली वाडेकर, संजीव कसार, सुरेन्द्र बैरागी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। वहीं वैष्णव समाज द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में पहलगाम काश्मीर में हुए आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वैष्णव समाज द्वारा दानवीर महंत राजा दिग्विजय दास की जयंती 25 अप्रैल को जिला भवन बल्देवबाग में धूमधाम से मनाया गया। जयंती अवसर वैष्णव राजवंशों की स्मृति में सभी पूर्वज राजाओं को याद किया गया एवं प्रतिकात्मक प्रतिमा के साथ महंत राजा बलराम दास की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव के कर कमलों द्वारा किया गया। साथ ही सभी राजाओं के प्रतिकात्मक स्मृति चिन्हों पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि किरण रविन्द्र वैष्णव, पारस वर्मा, रोहित झांझडे, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सुरेन्द्र बैरागी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, मनोज बैद, सूर्यकांत जैन, संजीव कसार, दीना निषाद, अंजली वाडेकर, राकेश ठाकुर शामिल थे।

इस अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, शिवकुमार वैष्णव, चंद्रशेखर वैष्णव, संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव, कमलेश वैष्णव, भावेश वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, सुभाष वैष्णव, बलदाऊ वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, राकेश वैष्णव, दीपक वैष्णव, जीतू वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, ओंकार वैष्णव, आकाश दास वैष्णव, विश्वास वैष्णव, अनूप दास वैष्णव, जागेश्वर दास, राजेंद्र वैष्णव, तजेंद्र वैष्णव, मेघदास वैष्णव, सुरेन्द्र वैष्णव, बालकृष्ण दास, लव दास, कृष्णकुमार वैष्णव, जेके लल्ला दास, देवेश वैष्णव, गजेंद्र दास, कमलेश वैष्णव, चिंतामणि वैष्णव, रजनीश वैष्णव, ख़ेमनारायण वैष्णव, शिवकुमार वैष्णव, इंद्रकुमार वैष्णव, कमल वैष्णव, दिलीप वैष्णव, भूपेंद्र वैष्णव, पुरुषोत्तम वैष्णव, रवि वैष्णव, वैभव वैष्णव, विवेक वैष्णव, साकेत वैष्णव, शौर्य वैष्णव, लक्ष्मी वैष्णव, भूषण वैष्णव, मुकंद वैष्णव, बिहारी दास, सीमा वैष्णव, गायत्री वैष्णव, श्रद्धा वैष्णव, भारती वैष्णव वर्षा वैष्णव, प्रीति वैष्णव, गुंजन वैष्णव, शकुंतला वैष्णव एवं अन्य क्षेत्र से आए वैष्णवजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश वैष्णव एवं आभार संदीप वैष्णव द्वारा किया गया।

# मां पाताल भैरवी में आज से 15 दिवसीय महानुष्ठान

**राजनांदगांव।** मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ प्रांगण में कल 29 अप्रैल से बैशाख माह के बुद्ध पूर्णिमा 12 मई तक विभिन्न आयोजन संपन्न किए जाएंगे। जिसमें देशभर के विभिन्न सिद्धपीठों के विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार के मध्य देवी-देवताओं व गुरू की पूजा-अर्चना की जाएगी।

आयोजन समिति से जुड़े और आयोजन के मुख्य यजमान कुलबीर छाबड़ा ने बताया कि इस वर्ष 12 वर्ष की पूर्णाहुति पश्चात अनुष्ठान का दूसरा क्रम के दृष्टिकोण से बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, आलोक



बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल सहित आयोजन से जुड़े श्रद्धालुओं के बीच चर्चा व विचार-विमर्श कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। जिसके तहत कल 29 अप्रैल को वेदी स्थापना, श्री विद्या सिद्ध लक्ष्मी गणपति पूजन, मां पाताल भैरवी, पातालेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग अनुष्ठान पूजनादि, 30 अप्रैल को मां काली महाविद्या अनुष्ठान, 1 मई को श्री तारा महाविद्या अनुष्ठान, 2 मई को श्री षोड़षी महाविद्या अनुष्ठान, 3 मई को श्री भुनेश्वरी महाविद्या अनुष्ठान, 4 मई को श्री त्रिपुर भैरवी महाविद्या अनुष्ठान, 5 मई को श्री छिन्नमस्ता महाविद्या अनुष्ठान, 6 मई को श्री धूमावति महाविद्या अनुष्ठान, 7 मई को श्री मां बग्लामुखी महाविद्या अनुष्ठान, 8 मई को श्री मातंगी महाविद्या अनुष्ठान, 9 मई को श्री मां कमला महाविद्या अनुष्ठान, 10 मई को द्वादश ज्योर्तिलिंग अनुष्ठान, 11 मई को श्री विद्या महात्रिपुर सुंदरी अनुष्ठान एवं 12 मई को बैशाख माह की बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कन्या, बटुक, सुभाषनी पूजन एवं वेदी विसर्जन किया जाएगा।

# 20 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का किया लोकार्पण

**खैरागढ़।** ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल तहत जिले के 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का लोकार्पण किया गया। जिले के दोनों ब्लॉक के दस-दस ग्राम पंचायतों में इन केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल भुगतान, जन्म-मृत्यु पंजीयन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाएं गांव में ही उपलब्ध होगी। जिससे समय, संसाधन और श्रम की बचत होगी। सीईओ जिपं प्रेम कुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियो की मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्टर ने महात्मा गांधी के तैलचित्र में पुष्प अर्पण कर किया।

मुढ़ीपार के पंचायत भवन में अटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। दो महिला हितग्राहियों ने अपने खातों से महतारी वंदन योजना की एक-एक हजार रुपए भी निकाला। बिहान अंतर्गत स्व-सहायता समूह की चार महिलाओं को चेक और स्वामित्व योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया गया। जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, जिपं उप संचालक गीतकुमार सिंह, जिपं सदस्य अरुणा सिंह, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, शैलेंद्र मिश्रा, पुरुषोत्तम साहू, सरपंच कुमेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




## पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए अध्यक्ष नीलू शर्मा

# छग में समृद्ध पर्यटन संभावनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से फेयरव्यू मीडिया द्वारा मंडारमणि (पश्चिम बंगाल) में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने प्रभावी सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा तथा मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य (आईएफएस) की विशेष उपस्थिति रही। बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न हिस्सों से प्रमुख ट्रैवल एजेंट्स और टूर ऑपरेटर्स ने हिस्सा लिया।

### संभावनाओं को किया प्रस्तुत

कॉन्क्लेव के दौरान छग पर्यटक मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य की समृद्ध पर्यटन संभावनाओं को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को थीम आधारित पर्यटन, साहसिक पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन और इको-टूरिज्म जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी तथा छत्तीसगढ़ को एक उभरते हुए और आकर्षक पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के विजन\/"छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे\/" के अनुरूप वे कार्य कर रहे हैं।



### योजनाओं की जानकारी की साझा

उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पर्यटन विकास के विजन को धरातल पर उतारने संकल्पित हैं, ताकि छत्तीसगढ़ को और अधिक सुंदर, आकर्षक और पर्यटकों के लिए मनमोहक बनाया जा सके। पैनल चर्चा के दौरान अध्यक्ष शर्मा ने बस्तर क्षेत्र सहित राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों की विशेषताओं, पर्यटकों की सुरक्षा, एमआईसीई पर्यटन की संभावनाओं और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की।

### फैम ट्रिप का आयोजन शीघ्र

इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने अपने प्रभावी प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य के थीम आधारित पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर, रिसॉर्ट्स और साहसिक गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। अपने प्रेजेंटेशन के दौरान श्री आचार्य ने विभिन्न राज्यों से आए ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स को संबोधित करते कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल जल्द ही एक फैम ट्रिप का आयोजन करेगा। जिसके माध्यम से देशभर के टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर्स को छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि वे अपने-अपने राज्यों में जाकर छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रमोट कर सकें और अधिक से अधिक पर्यटकों को छत्तीसगढ़ भेजने प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिनिधियों के सवालों का समाधान किया और उनके सुझावों को भी गंभीरता से सुना। यह आयोजन छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई पहचान दिलाने तथा राज्य में पर्यटन उद्योग के व्यापक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है।

## सार समाचार

### भानपुरी में नारी जल यात्रा का आयोजन

**राजनांदगांव।** जल संरक्षण के लिए हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजन भानपुरी में किया गया। तपती धूप में जल यात्रा निकाली गई। इस दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, सरपंच प्रभा वैष्णव, अगासिया साहू, खिलेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, पंचायत सचिव, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, बिहान केडर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि जल के बिना जग सुना है, अब जाग जाओ, पानी के बिना जीवन जीना असंभव है, इसलिए पूरे सामुदाय को आगे आने की जरूरत है। राजनांदगांव जिले में बहुत क्षेत्र में पानी के अभाव के चलते धान की फसल को काफी क्षति हुई है। आने वाले समय रबी में बिल्कुल धान न ले, उसके बदले कम पानी वाले अन्य फसल लें। फसल चक्र जरूर करें, ताकि जमीन की उर्वर शक्ति बनी रहे। शिवकुमार देवांगन ने बताया कि पिछले वर्ष 15 हजार आम पौधे लगाए गए जो अभी 10 हजार पौधे बचे हुए हैं। इसी को देखते हुए आम की उच्च क्वालिटी केसर आम कम कीमत में गांव-गांव में उपलब्ध कराई जाएगी।




### सांसद पांडे ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा के अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम जादूटोला में सांसद संतोष पांडे ने नवीन शासकीय विद्यालय भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर गीता घासी साहू, संजीव शाह, आशीष द्विवेदी, राजेश सिंघी, गुलाब गोस्वामी, तीजन मानिकपुरी, नेहरूराम रजक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य की राह आसान करने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



### युगांतर के बच्चों ने मनाया ग्रीन व अर्थ-डे

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी तथा प्राइमरी के विद्यार्थियों ने ग्रीन तथा अर्थ-डे मनाया। प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने हृदय स्पर्शी डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। विद्यार्थियों ने शानदार ढंग से एंकरिंग के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एक्ट भी किया। इसी तरह प्राइमरी के विद्यार्थियों ने स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन में भाग लिया। इस कॉम्पिटिशन में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्था की हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने आयोजन की सराहना करते कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिससे वे वृक्षों की सुरक्षा करने की सीख ले सके। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विद्यालय के हैड मिस्ट्रेस के मार्गदर्शन में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी सेजल शर्मा तथा प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, प्री प्राइमरी और प्राइमरी विभाग शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ।




### महिला समिति ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में 27 निर्दोष लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। इस नृशंस घटना से संपूर्ण राष्ट्र शोकाकुल है। नवदुर्गा महिला समिति लेबर कालोनी की महिला सदस्यों ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और इसे मानवता पर सीधा हमला बताया है। महिला समिति ने शोक व्यक्त करते मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगीता मिश्रा, ज्योति मानिकपुरी, प्रतिमा मानिकपुरी, सुनिता सेंगर, सविता मिश्रा, रूपाली मुर, नीतू मानिकपुरी, लता लखारिया, प्रभा सिन्हा, अंबिका भार्गव, पूनम पराते, अनुराधा चौरे, विनिता वर्मा, अंजू तिवारी, लीला मानिकपुरी, अरूणा साहू, यशोदा मेहरा, सोनम श्रीवास्तव, सरस्वती चंद्राकर, सोनी चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।



### कैट ने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री का जताया आभार

**राजनांदगांव।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला अध्यक्ष राजू डागा, आलोक बिंदल, अनिल भारतीय, संजय तेजवानी, राजा मखीजा, अमित खंडेलवाल, शरद अग्रवाल, सूरज खंडेलवाल, अनिल बरडिया, भागचंद व राजू बाफना ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टकराम वर्मा को रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त किया। कैट के जिला अध्यक्ष राजू डागा ने रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त के बाद नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर तहसीलदारों से नामांतरण का अधिकार छीन लिया है और यह अधिकार अब रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को सौंप दिया गया है। अब रजिस्ट्री के साथ ही जमीन का नाम संबंधित खरीददार के नाम ऑटोमैटिक दर्ज हो जाएगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि भू-माफिया और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी, इस नए आदेश से जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी, आम जनता को राहत मिलेगी।

### कमलेश सम्मानित

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम पंचायत धामनसरा में कल देर शाम लोककला महोत्सव मितान का आयोजन हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के लोककला से जुड़े लोग एक ही मंच पर अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे थे।कार्यक्रम में शहर के पत्रकार और सामाजिक क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले कमलेश सिमनकर (हाहाकारी)को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आयोजन समिति ने सम्मानित किया।



## मेयर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# ढाबा में होगा एथलेटिक्स ट्रेक का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं एथलेटिक्स खिलाड़ियों को खेल में सुविधा विस्तार के लिए राजनांदगांव शहर में एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने सोमवार को अधिकारियों के साथ ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया।

एथलेटिक्स खेल को बढ़ावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए महापौर यादव आज सुबह नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव रणविजय प्रताप सिंह सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, पार्षद रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद विजय राय तथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ढाबा स्थित नगर सेना आफिस के पीछे शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की।



### 10 एकड़ जमीन की आवश्यकता

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए लगभग 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। स्थल चयन उपरांत शासन की स्वीकृति अनुसार प्रक्रिया कर तकनीकी अधिकारी एवं वास्तुविदों के साथ खिलाड़ियों की सुविधा एवं मापदंड अनुसार ड्राईंग डिजाईन तैयार कर ट्रेक का निर्माण किया जाएगा।

### स्टेडियम का प्रस्ताव निरस्त

एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए दिग्विजय स्टेडियम का चयन किया गया था, किन्तु स्टेडियम में विभिन्न खेल गतिविधियां संचालित होने के कारण अन्य स्थल चयन करना है। स्थल चयन के लिए महापौर एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ ढाबा की शासकीय भूमि देखा जा रहा है। स्थल चयन उपरांत खेलो इंडिया के तहत मानदंड अनुसार एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक का निर्माण किया जाएगा।

### खेल गतिविधियों का होगा विस्तार

महापौर यादव ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम खेल गतिविधियों में देश व प्रदेश में शिखर पर रहा है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाए हैं। इसी को ध्यान में रखकर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में एस्टोटर्फ हॉकी मैदान तथा स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया। वहीं अब एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक राजनांदगांव में निर्माण के लिए केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया के तहत केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया से चर्चा कर स्वीकृति दिलाई। उक्त ट्रेक निर्माण के लिए आज स्थल चयन हेतु ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि चयन हेतु अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक बन जाने से हमारे संस्कारधानी के एथलेटिक्स खिलाड़ी यहां खेल कर परिपक्व होकर प्रदेश एवं देश के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्थान प्राप्त करेंगे।

### अनामिका बनी समाज सेवक संघ की अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाजसेवक के संयोजक संजीव सिंघल ने चिचोला (छुरिया) की अनामिका सिन्हा को समाजसेवक संघ चिचोला का अध्यक्ष बनाया।



इनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, उमा साहू, नेमिन देशमुख, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, हिमलेश्वरी साहू, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि धुरव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, रेवती साहू, वीरू यादव, गोकुल लहरे, संगीता रावटे, मनीष खंडेलवाल, चंचल तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी।

# मां कर्मा के आशीर्वाद से साहू समाज कर रहा तरक्की : रमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रविवार को ग्राम धीरी में आयोजित भक्त मां कर्मा जयंती समारोह एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सबसे पहले मां कर्मा भवन धीरी में भव्य भक्त मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभी को मां कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विस अध्यक्ष ने डॉ. सिंह ने मां कर्मा भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 5 लाख रुपए घोषणा की। उन्होंने ग्राम धीरी प्रवास के दौरान शासकीय हाईस्कूल धीरी में 6 लाख 96 हजार रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कम्प्यूटर कक्ष भवन का लोकार्पण किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मां कर्मा की साधना, उपासना और भक्ति देखकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनके पास पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मां कर्मा के आशीर्वाद से साहू समाज तरक्की कर रहा है। ग्राम धीरी में बन रहे पुल को शीघ्र शुरू करने की बात कही। इसके साथ ही ग्राम में अवैध कब्जा और अतिक्रमण को हटाने अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही।

कार्यक्रम को जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू और संरक्षक साहू समाज कल्याण साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, सरपंच जगदीश लहरे, अध्यक्ष साहू समाज घनश्याम साहू, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, मनोज साहू, डॉ. मोहित साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### रमन ने दीदियों को सौंपी आत्म निर्भरता की चाबी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज अपने निवास कार्यालय में महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने ई-रिक्शा की चाबी सौंपी। श्रम कल्याण विभाग द्वारा दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत ई-रिक्शों का वितरण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने इन ई-रिक्शों का वितरण हितग्राही महिलाओं को किया। शहर के विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में महिलाओं को वितरित किए जाने से पहले ई-रिक्शों को सजाया गया था। चाबी मिलने के बाद उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा का आभार जताया है।



### कमलेश बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष बैद ज्वेलर्स के संचालक कमलेश बैद बनाए गए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष चुनाव के बाद अब जिला स्तर की कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष के मनोनयन का दौर शुरू हो चुका है।

इसी कड़ी में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने राजनांदगांव चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के मनोनीत होने का पत्र जारी किया। कमलेश बैद लगातार व्यापारियों के हित में कार्य करते चेंबर ऑफ कॉमर्स में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मनोनयन से व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। सभी व्यापारी प्रसन्नचित होकर पुराने दौर को याद कर रहे हैं।

इस बार प्रदेश स्तर पर दोनों पैनल समाप्त कर आपसी सामंजस्य से व्यापारियों के हित में निर्णय लेते हुए समन्वय बनाकर सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। चेंबर की एकता से व्यापारियों में विशेष रूप से खुशी है।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, हंसमुख भाई रायचा, भीमन धनवानी, विनोद डड्ढा, विनोद बोहरा, ज्ञानचंद बाफना, रोशन गोलछा, शिव अग्रवाल, रानू जैन, राजेश अग्रवाल, राजकुमार बाफना, रूपचंद भीमनानी, आशीष अग्रवाल, अरुण ढुलानी, बलवीर बग्गा, संजय श्रीश्रीमाल, अजय कोटडिया, दीपक नौलखा, ओम कांकरिया, धीरूभाई रायचा, संतोष अग्रवाल, अनिल एवं सुनील बरडिया, अमर लालवानी ने कमलेश बैद को शुभकामनाएं दी है।

## निरीक्षकों के भरोसे थाना और चौकी डेढ़ दर्जन पुलिसकर्मियों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पुलिस महकमे में रविवार के दिन करीब डेढ़ दर्जन कर्मियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें निरीक्षक से लेकर सहायक उप निरीक्षक पद के कर्मचारी शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि इस बदलाव के बाद अब जिले के लगभग सभी थानों एवं चौकी का प्रभार निरीक्षकों के हाथों आ गया है। चार ऐसी पुलिस चौकी जिसका जिम्मा एसआई संभाल रहे थे, अब वहां भी निरीक्षक होंगे। वहीं जिले के सबसे महत्वपूर्ण थानों में शामिल कोतवाली थाना में दो निरीक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं।

एसपी मोहित गर्ग द्वारा रविवार को तबादले का आदेश जारी किया गया। इनमें 16 लोगों के नाम शामिल हैं। जिसमें रक्षित केंद्र में पदस्थ कुल आठ लोगों को वापस थानों में पदस्थ किया गया है। बताया जा रहा है कि इसके बाद अब एक सूची और तैयारी की जा रही है। जिसमें कुछ आरक्षकों के थानों में बदलाव किया जा सकता है। ज्ञात हो कि करीबन एक पखवाड़े पहले ही तत्कालीन आईजी दीपक झा द्वारा भी रेंज के कुछ पुलिस कर्मियों को इधर से उधर किया गया था। ऐसे में महीनेभर के भीतर यह दूसरा बदलाव पुलिस महकमे में देखने को मिल रहा है।




### इनको मिला प्रभार, बदले गए थाने

तबादला सूची के अनुसार निरीक्षक राजेश साहू को थाना लालबाग, निरीक्षक कृष्णा पाटले को चिचोला चौकी, निरीक्षक चमराराम चंद्रा को जिला विशेष शाखा, निरीक्षक दिलीप पटेल को तुमड़ीबोड़ चौकी, निरीक्षक संतोष जायसवाल को जोब चौकी, निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी को सुरगी चौकी और निरीक्षक योगेश पटेल को कोतवाली थाना में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा उनि नरेश बंजारे, उनि विरेन्द्र मनहर, उनि कैलाशचंद मरई, उनि सतऊराम नेताम, उनि पुष्पराज साहू, उनि रोहित खुंटे, उनि प्रमोद श्रीवास्तव के साथ ही उसनि धन्नालाल सिन्हा एवं सउनि सुरेज चंद्रवंशी का तबादला किया गया है।

### कोतवाली में अब दो निरीक्षक

इस तबादला सूची में खास बात यह रही कि इसमें निरीक्षक योगेश पटेल को कोतवाली थाना में पदस्थ किया गया है। जबकि पहले से ही कोतवाली थाना में निरीक्षक रामेंद्र सिंह की पोस्टिंग है। ऐसे में कोतवाली में अब दो निरीक्षक थाना संभालेंगे। ज्ञात हो कि तीन महीने पहले ही निरीक्षक रामेंद्र सिंह को कोतवाली का प्रभार दिया गया है।

### कश्मीर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री हकीम खान ने जम्मू काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हकीम खान ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकियों को इस कायराना हमले का करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई है।








## दिग्विजय कॉलेज जनभागीदारी सदस्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में जनभागीदारी समिति के सदस्यों की घोषणा की गई है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के गठन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई थी और अब समिति की औपचारिक घोषणा कर दी गई है।

अध्यक्ष ने बताया कि समिति का गठन सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। नई समिति के गठन के बाद कॉलेज में विभिन्न विकास कार्यों और शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने की योजना बनाई गई है। जारी सूची में अतुल रायजादा अध्यक्ष, आरएस नायक, सुनील अग्रवाल, सुरेन्द्र पाल सिंग भाटिया,श्रीमती अनिता जैन, राजकुमार बाफना, मनीष शर्मा, नरेश पटेल ,प्रशांत (गोलू) गुप्ता, सुमित सिंग भाटिया, नंदकिशोर भूतड़ा, चंदन रूचंदानी, आकाश गुप्ता, आशीष डोगरे, रमेश चन्द्राकर, सौरभ साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, शरद सिन्हा , सुमित अजमानी, प्रतीक अग्रवाल, आशीष जैन, आदित्य पराते, संतोष साहू, अंकित बालाजी श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, चिन्टू सोनकर , विजय शर्मा,श्रीमती शालू वर्मा, आशुतोष सिंह, मुकेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, अंकित सिंह चौहान, अमितेश झा, कमलेश प्रजापति, संदीप भट्टाचार्य, साहिल गोलछा, ईशान शर्मा, समीर श्रीवास्तव,श्रीमती आभा श्रीवास्तव सदस्य के रूप में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जनभागीदारी समिति कॉलेज के संचालन और विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नई समिति से कॉलेज में नयी ऊर्जा और सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।







## खबर संक्षेप

### मां महामाया पब्लिक स्कूल की छात्रा दीपाली चंद्राकर ने क्लास टू में प्रथम स्थान प्राप्त की



**हरिभूमि पंडरिया।** मां महामाया पब्लिक स्कूल पंडरिया के क्लास 2 की छात्रा दीपाली चंद्राकर ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर मां महामाया पब्लिक स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं छात्रा दीपाली चंद्राकर ने क्लास में 98 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल करने पर परिजनों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### वर्षों से सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट बंद, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासन प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट क्षेत्र में लगाया गया लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में वर्षो से बंद तथा शोपीस की तरह खड़ी है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट की सुधार व मरम्मत कार्य कि मांग की गई ताकि ग्रामीणो सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट से चौंक चौराहे रौशन हो सकें। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार वर्षो से अधिक समय से ग्राम कोलेगांव में स्ट्रीट लाइटें नहीं जलने से शाम होते ही गांव की सड़के व चौंक चौराहे तथा गली मोहल्ले में पूरी तरह अंधेरा पसरा रहता हैं। वहीं रात्रि में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट बंद होने से ग्रामीणों व राहगीरों को आने जाने में भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर रहवासियो ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट की सुधार कार्य की मांग की गई।

### धान कट्टा चोरी के आरोपी चढ़ा पोंड़ी पुलिस के हत्थे



**कवर्धा पोंड़ी।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा काईम मिटिंग में जिले में हो रहे लूट-पाट, चोरी-डकैती व अन्य अपराध तथा अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ रोकथाम करने अतिरक्त पुलिस अधीक्षक, पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, अखिलेश कौशिक द्वारा चौकी प्रभारी पोंड़ी विमल लावनिया द्वारा टीम गठितकर क्षेत्र में अपराधिक मामलो पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में राईस मिल में धान चोरी करने वाले आरोपी तोता प्रसाद आडिले पिता मुंशी आडिले आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम सारंगपुर कला चौकी पोंड़ी थाना बोड़ला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार में प्रार्थी सूरज चन्द्रवंशी पिता द्वारिका चन्द्रवंशी आयु 31 वर्ष निवासी सारंगपुर कला चौकी पोंड़ी द्वारा श्री सिद्धी विनायक राईस मिल में धान का स्टेक लगा है, वहीं रविवार को सुबह राईस मिल आया तो धान बिखरा हुआ था सीसी टीवी कैमरा देखे तो गांव के तोता प्रसाद आडिले धान का कट्टा बोरी ले जाते हुए दिखा। आरोपी द्वारा शनिवार व रविवार को राईस मिल में घुसकर तीन बार में कुल 04 कट्टा धान जिसमे प्रत्येक कट्टा में 40-04 किलो करीब 01 क्विंटल कीमत 3,200 रूपए का धान चोरी के रिपोर्ट पर चौकी पोंड़ी ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 62 धारा 331 (3) 305 के बीएनएस कायम कर आरोपी तोता प्रसाद आडिले पिता मुंशी आडिले आयु 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

## भीषण गर्मी में लू से बचाव एवं उसके उपाय हेतु आवश्यक सुझाव

# कलेक्टर ने लू से बचने नागरिकों को दिए आवश्यक सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन-जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील जिलेवासियों से की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसमें सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार



बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटाएं, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता है। इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पिये साथ ही अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिए, चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लें।



# राहत की बारिश, ओलावृष्टि ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

शहर व अंचल में दो-तीन दिनों से मौसम में उथल पुथल व आसमान में काली बादल छाए हुए है। वहीं सोमवार की दोपहर 1:30 बजें मौसम में हुए अचानक बदलाव व बारिश व ओला वृष्टि से नगरवासियों व क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। बारिश होते ही गर्मी व उमस से परेशान लोगों ने राहत महसूस की साथ ही ओला वृष्टि से नन्हे मुन्हे बच्चों में जमकर उत्साह देखा गया। प्रकृति प्रेमी लोगों ने मौसम के सकारात्मक रूप को देखते हुए अपने घर के बाहर निकलकर मौसम का आनंद लिया। वहीं क्षेत्र में हुई ओला वृष्टि के कारण ग्रामीण फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए किसान चिंतित व परेशान है।

### सड़कों में नालियों के गंदे पानी का जमाव

नगर में हुई हल्की बारिश के चलते शहर के निचले इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से ग्रामीणो व राहगीरों को आने-जाने में भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार नालियों के नियमित साफ सफाई नहीं होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी तकलीफ व परेशानी हो रही है। किल्लापारा मोहल्ले की नालियां जाम होने से गंदगी व जल भराव से सड़क तालाब में तब्दील से आवागमन बाधित की स्थिति निर्मित होने से राहगीरों को भारी दिक्कते उठानी पड़ रही है। जिस पर नगर वासियों ने समस्त नालियों की नियमित साफ-सफाई की अपील की गई।

# कंझेटा स्कूल में परीक्षा तनाव मुक्त कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में स्थानीय परीक्षा फल घोषणा से पूर्व सोमवार को तनाव प्रबंधन कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। जिसमें काउंसलर सुमित पाण्डेय ने परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं आने पर कैसे तनाव मुक्त रहा जाएं व विस्तार पूर्वक बताया। प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विद्यालय में कक्षा 9वी व 11वी की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया साथ ही विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा 9 वी का परीक्षाफल 70 प्रतिशत एवं कक्षा 11 वी का परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 9वी की छात्रा आशा बंजारे 77 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम व भानुप्रताप साहू 71 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही कक्षा 11वीं में कला संकाय छात्रा पायल प्रथम, आकाश द्वितीय व विज्ञान संकाय से तनु चंद्रवंशी 87 प्रतिशत के साथ प्रथम, शारदा द्वितीय एवं निधि साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय से संजना मीरी 77 प्रतिशत के साथ प्रथम, अनामिका द्वितीय स्थान रही। परीक्षाफल की घोषणा परीक्षा प्रभारी मोहन शर्मा एवं अर्जुन चंद्रवंशी ने किया उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, सदस्य डॉ परस चंद्रवंशी, जगदीश साहू, कलाप सिंह चंद्रवंशी, भुलाऊं चंद्रवंशी एवं रमेश चंद्रवंशी ने बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परमेश मरावी, श्रीमती शिवानी दिनेश, हेमेंद्र शर्मा, गंगेश्वर सिंह, नरेश ठाकुर, प्रभात ताम्रकार, नारायण बंजारे द्वारा उपस्थित कक्षा 9वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरानी पुस्तके समर अवकाश में पढ़ने के लिए दिया गया।

# ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी महिला-पुरुष प्रतियोगिता में जिले के सात खिलाड़ियों का चयन

- जिले के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में सॉफ्टबॉल ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी महिला-पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन विक्रमापुरी विश्वविद्यालय नेल्लौर आंध्रप्रदेश में महिला वर्ग का 30 अप्रैल से 03 मई तक एवं पुरुष वर्ग का 03 से 06 मई तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ के हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों की टीम सम्मिलित हो रही है जिसके लिए नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से महिला वर्ग में सविता कोसले, गौरी जायसवाल, कविता सिन्हा, शानू यादव एवं पुरुष वर्ग में प्रवीण साहू, प्रकाश यादव व छत्रपाल पटेल सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी स्पर्धा हेतु दुर्ग विश्वविद्यालय से इनका सलेक्शन ट्रायल राजनांदगांव के कमलादेवी कॉलेज में महिला वर्ग का 19 फरवरी और पुरुष वर्ग का 23 फरवरी को आयोजित हुआ था, जिसमें पीजी कॉलेज के महिला टीम ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक लगाया था, जिनका प्रशिक्षण कैंप राजनांदगांव में ही 22 से 26 अप्रैल तक आयोजित हुआ और 27 अप्रैल को दुर्ग विश्वविद्यालय की महिला टीम आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हुए, वही पुरुष वर्ग की टीम का प्रशिक्षण कैंप दुर्ग में 26 से 30 अप्रैल तक आयोजित है जिनकी टीम 01 मई को आंध्रप्रदेश के लिए दुर्ग के रेल्वे स्टेशन से रवाना होगी। अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है और प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है। इस खेल के खिलाड़ियों द्वारा लगातार कठिन परिश्रम किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष जिले में सर्वाधिक पदक प्राप्त कर रहे है अभी हाल ही में जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भावेश चंद्रवंशी द्वारा सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया और हम इस टीम से भी यही उम्मीद करेंगे कि ऑल इंडिया विश्वविद्यालय स्तर पर भी पदक लगाकर हमारे प्रदेश व जिले का नाम रौशन करेंगे। जिस पर अकेडमी के सात खिलाड़ियों का ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में चयनित होने पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेन्द्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, पीजी कॉलेज प्राचार्या, क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दिए एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

# बड़ौदा कला में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल बड़ौदा कला मे कक्षा 9वीं की परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें छात्रा गौरी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हाई स्कूली बड़ौदा कला में टॉपर रही। जिस पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष होरीप्रसाद तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि जयराम पटेल, धरम साहू की उपस्थिति में कक्षा 9वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, वहीं शासकीय हाई स्कूली बड़ौदा कला में कुल अध्ययनरत 111 विद्यार्थीयों में 81 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर प्रथम श्रेणी में 34 व द्वितीय श्रेणी में 45 तथा तृतीय श्रेणी में 2 छात्र छात्राएं।

वहीं छात्रा गौरी ने 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, डेविड 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं ओमराज 86 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिस पर प्राचार्य मोहम्मद जाकिर एवं परीक्षा प्रभारी टिकेश्वर साहू ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा कक्षा दसवीं के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही। इस दौरान शासकीय हाई स्कूल बड़ौदा कला के शिक्षक शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## बरबसपुर स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




हरिभूमि बरबसपुर। जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी स्कूल व इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है। वहीं फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने अपना पहला वार्षिकोत्सव का आयोजन किया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, रवि राजपूत, जिलाध्यक्ष सतनामी समाज रामप्रसाद मिरी, जिलाध्यक्ष प्राइवेट एसोसिएशन अश्विनी श्रीवास, उपसरपंच पंचराम कोसले एवं मुंगेश कोसले की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी व स्कूल इंग्लिश मीडियम स्कूल बरबसपुर के स्कूली छात्र छात्राओं ने सुवा, कर्मा, पंथी नृत्य की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो ऊंचाइयों तक छू सकते हैं इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन करना चाहिए, ताकि लक्ष्य को प्राप्त कर सके। वहीं रामकुमार भट्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंग्लिश मीडियम स्कूल गांव में खुल जाने से आसपास के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का अवसर मिलेगा और वहीं शिक्षा के क्षेत्र में प्रकाश डालते हुए कहा ग्राम बरबसपुर शिक्षित गांव है, एक समय था। पालक अपने बच्चों को खेत बेचकर शहर भेजकर शिक्षा ग्रहण करवाते थे, जिनके कारण से आज गांव में शिक्षा के क्षेत्र में गहरा प्रभाव पड़ा है। अपनी सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखना चाहिए तभी अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते है। वहीं फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी व इंग्लिश मीडियम स्कूल बरबसपुर के प्राचार्य राकेश भट्ट ने स्कूल में जो सबसे टॉपर बच्चे है उनको नामिनेट किया, जिसमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब स्नेहा गेड्डे को टॉपर ऑफ द ईयर, विधुषी पटेल को और मोस्ट पॉपुलर प्लेयर ऑफ द ईयर नीता पटेल को दिया गया एवं उसने सभी अतिथियों और दर्शकों को आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर सुनीता भट्ट, उपसरपंच प्रमिला कोसले, बीआर कुर्रे, सावेंद्र पोर्ते, पूर्णिमा कोसले, रवीना अहीरे, पूर्णिमा जांगड़े, रिंकू बघेल, लता टंडन और सीएमडीए डांस एकेडमी कवर्धा विनय कोसरिया, फातिमा, मनीषा का अहम योगदान रहा।

## विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर, नारा लेखन, निबंध तथा नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लिया

# सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा प्रायोजित सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन नगर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में गत दिनों 26 अप्रैल को आयोजित की गई। कार्यक्रम मे पीजी कॉलेज के साथ ही जिले के अन्य महाविद्यालयों शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय महाविद्यालय पंडरिया, शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई व शासकीय महाविद्यालय पिपरिया के कार्यक्रम अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर, नारा लेखन, निबंध तथा नुक्कड़ नाटक में भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने की। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुआ जिसमें प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संयोजक डॉ कामती सिंह परिहार, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, सदस्य अजय ठाकुर उपस्थित थें। तकनीकी सत्र स्त्रोत वक्ता जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू तथा प्रतीक चतुर्वेदी डीएसपी, अंजू कुमारी डीएसपी उपस्थित थें, तथा दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉ जैनेंद्र कुमार दीवान मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि भोरमदेव नशामुक्ति केंद्र कवर्धा से पालसिंग, दिनेश पटेल रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के आगमन पश्चात मां सरस्वती पूजा, राजगीत, अतिथि स्वागत सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा उपस्थित लोगो से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा नशा न करने की अपील की। स्त्रोत वक्ता एमएल साहू ने सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर अपना वक्तव्य में बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। मोबाइल और नशा की सेवन से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए युवा पीढ़ी को सचेत रहने तथा समझाते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के उदाहरण दिए। स्त्रोत वक्ता डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में बताया महाविद्यालय में इस विषय को रखने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जो मनसा है वह यही है कि युवा पीढ़ी नशा के सेवन से अपना व अपने परिवार का नुकसान कर लेते हैं इस पर जन-जागरूकता की आवश्यकता है, व्यावहारिक तौर पर सामान्यतः जो केश देखने को मिलते हैं उन्होंने उसे उदाहरण के रूप में बताया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से चर्चा-परिचर्चा की। वहीं द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि जैनेंद्र कुमार दीवान रासेयो समन्वयक ने कहा कि छग शासन के निर्देशानुसार इस प्रकार का जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बहुत ही अच्छी पहल है, सबको एकजुट होकर इस अभियान को व्यवहार में लाना है। संस्कृत के श्लोकों एवं उनके भावार्थ के माध्यम से उन्होंने इस विषय पर विभिन्न ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रदान की। सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति पर कार्य हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम को शुभकामनायें प्रेषित की।

आयोजित प्रतियोगिताओं में नुक्कड़ नाटक में शासकीय महाविद्यालय बोड़ला की टीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा तथा तृतीय स्थान पर पीजी महाविद्यालय कवर्धा टीम रहे। वहीं सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक समस्त अधिकारी-कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

NABH CERTIFIED

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**मौसम:** जिले के पंडरिया व स.लोहारा में मूसलाधार बारिश, गर्मी से मिली राहत

# अचानक बदले मौसम के बीच अंचल में झमाझम बारिश व ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा सहित समूचे अंचल में बीते कई दिनो से भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों के बीच सोमवार को मौसम ने भीषण गर्मी से हलाकान और परेशान लोगों को बड़ी राहत दी है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया सहित स.लोहारा क्षेत्र में सोमवार को सुबह से ही खिली तेज और चटख धूप के बीच दोपहर को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते ही देखते मौसम ऐसा बदला की तेज आंधी तूफान के बीच झमाझम बारिश और ओला वृष्टि शुरू हो गई। बारिश भी ऐसी की लगातार करीब घंटे भर मूसलाधार बारिश का यह सिलसिला जारी रहा। इस दौरान पंडरिया व स. लोहारा क्षेत्र में जमकर ओले भी बरसे। जिससे न सिर्फ लोगों को भीषण गर्मी, तेज उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से राहत मिली बल्कि मौसम भी बेहद खुशनुमा हो गया। अंचल से निकलकर आई खबरों के मुताबिक सोमवार को मौसम का यह बदलाव सिर्फ पंडरिया और स. लोहारा भर में नहीं था बल्कि जिले के कवर्धा, बोड़ला क्षेत्र में भी इस बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि का असर देखने को मिला। यहां भी दूसरे पहर में आसमान में बदली छा गई और गर्म हवा के झोंके राहत तथा सुकून देने वाले ठंडे हवा के झोंकों में बदल गए। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरफ की बेमौसम बारिश बीते अप्रैल माह के शुरूआती दिनों में देखने को मिली थी। लेकिन उसके बाद से भगवान भास्कर ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था और तब से लेकर अब तक कवर्धा सहित अंचल में भोर फटने के साथ ही चिलचिलाती तेज धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़ों की मार से लोग झुलस रहे थे। आलम ये था कि लोग दोपहर के समय अपने घरों से निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे थे। लेकिन बीते रविवार और सोमवार को अचानक बदले मौसम ने भगवान भास्कर के इस प्रचण्ड बेग पर पानी फेर दिया और मौसम शीतल के साथ खुशनुमा हो गया।

### लोगों के लिए आफत खड़ी कर रहा है मौसम



मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है वहीं लोगों को इस मौसमी आफत से कई प्रकार की परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है जिनके घरों में दो दिन बाद अक्षय तृतिया के रोज शादी विवाह के मांगलिक कार्य होने हैं। इसी प्रकार इस ओला वृष्टि व बेमौसम बारिश से वनोपज को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि एक मई से वनांचल में तेंदूपत्ता की तोड़ाई प्रारंभ होने वाली है लेकिन इस तरह की ओला वृष्टि और बेमौसम बारिश से तेंदूपत्ता को भी भारी नुकसान हो सकता है। दूसरी तरफ मौसम की इस मार का क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों की माने तो हवा, पानी शुरू होते ही अंचल की विद्युत सप्लाई ठप कर दी जाती है और लोगों को लम्बे समय तक बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो इन दिनो बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि तथा आंधी तूफान लोगों के लिए आफत खड़ी कर रही है।

#### सेहत के लिए नुकसानदायक

हालांकि जानकारों का मानना है कि इस तरह की बेमौसम बारिश भले ही भीषण गर्मी से फौरी राहत देती है लेकिन यह लोगों की सेहतके लिहाज से नुकसान दायक है। जानकारों का मानना है कि दूसरे दिन जब फिर से भगवान भास्कर अपना रौद्र रूप दिखाएंगे और चटख धूप खिलेगी तो लोगों को भारी उमस के साथ भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा जो सीधे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालेगी और लोगों के मौसमी बीमारियों का शिकार होने की संभावना बढ़ जाएगी।

# पीएम आवास योजना के चलते बढ़ी रेत की मांग व अवैध खनन, विभाग मौन

- जिले के विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया क्षेत्र में जमकर किया जा रहा है अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार मिल रही प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति और आवास निर्माण के चलते क्षेत्र में रेत की मांग बढ़ गई और जिले के विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया क्षेत्र में इस रेत की जरूरत को राजस्व तथा वनपरिक्षेत्र में स्थित स्थानीय नदी नालों से अवैध ढंग से रेत खनन कर पूरा किया जा रहा है।



हैरानी की बात तो यह है कि इस बात की शिकायतें लगातार मिलने के बाद भी इस पर न तो खनिज विभाग कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही राजस्व तथा वन विभाग इसकी सुध ले रहा है और रेत खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र में ग्राम रेंगाखार जंगल तथा अंधरी कछार की स्थानीय नदियों से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इन दोनों ही गांवों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रेत खनन कर ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से पूरे क्षेत्र में सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा बोड़ला क्षेत्र के कई स्थानीय नदी नालों से भी बड़ी मात्रा में अवैध ढंग से रेत निकाली जा रही है। इसी प्रकार अगर विकासखण्ड पंडरिया की बात की जाए तो यहां भी ऐसे कई गांव है जहां के स्थानीय नदी, नालों से बड़े पैमाने में रेत का अवैध खनन बदस्तूर जारी है।

जिसमें मुख्य रूप से सुदूर वनाचल उपका की हाफ नदी के अलावा ग्राम भैंदादादर, कुई, कुकडुर, पोलमी, पुटपुटा, कामठी की आगर नदी, कन्हैया नदी, बांगर, अमनिया, नेउर सहित अन्य गांवों के नदी नालों से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इन नदी, नालों में ज्यादातर वन परिक्षेत्र में स्थित नदी नाले हैं लेकिन कार्यवाही कोई नहीं कर रहा है। इन दोनो ही विकासखण्ड में रेत के अवैध उत्खनन को देखकर ऐसा लगता है कि मानो प्रशासन और विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना को मूर्त रूप देने के लिए इसकी खुली छूट दे दी है।

संभवतः यही वजह है कि विकासखण्ड पंडरिया के सीमावर्ती नदी, नालों से क्षेत्रीय लोग तो रेत का अवैध खनन कर ही रहे हैं साथ ही मध्यप्रदेश के लोग भी छत्तीसगढ़ से रेत निकाल कर इसकी बिक्री करने से नहीं चूक रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### निखिल अग्रवाल होंगे जिले के नए डीएफओ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर ने 28 अप्रैल को एक आदेश जारी करते हुए भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की प्रशासनिक दृष्टिकोण से नवीन पद स्थापना की है। जिसके तहत कबीरधाम जिले में पदस्थ वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार को वनमण्डलाधिकारी जशपुर स्थानांतरित किया गया है। वहीं उनके स्थान पर कबीरधाम वन मण्डलाधिकारी के पद पर जशपुर से निखिल अग्रवाल को पदस्थ किया गया है।

### मोहगांव में इंटर्नशीप कार्यक्रम का आयोजन

**मोहगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (समय शिक्षा) के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम विषय के शिक्षक आशुतोष सोनी और भूपेन्द्र कुमार देवांगन के दिशा निर्देश में अध्ययनरत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को रुचिपूर्ण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शासन के निर्देशानुसार इंटर्नशीप कार्यक्रम कराया गया। इंटर्नशीप पूरा होने के पश्चात स्कूल में समारोह का आयोजन कर सभी लाभार्थी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसमे शाला के प्राचार्य केएस चांदसे, परीक्षा प्रभारी केआर पात्रे, पंचायत प्रमुख श्रीमती मुन्नी घुरउ पनागर, बिसेन दास बर्मन, श्रीमती यशोदा सोनी, श्रीमती अनु गोस्वामी, छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 101 जोड़े 30 अप्रैल को कवर्धा में लेंगे सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गांधी मैदान कवर्धा में 30 अप्रैल को राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले के 101 जोड़े विवाह के शुभ बंधन में बंधेगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल होंगे और नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के हितग्राही वर और कन्या पक्ष तथा उनके निकटतम संबंधियों को उनके निवास स्थल से विवाह स्थल, कवर्धा में वर और वधु पक्ष को ठहराने के लिए बनाएं गए अलग-अलग व्यवस्था सहित विवाह की तैयारियों की पूरी विस्तार से समीक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि सुबह 08 बजे से गांधी मैदान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। ततपश्चात 09 बजे वीर सावरकर भवन से दुल्हों की बारात गांधी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा बघेल, बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा, पंडरिया श्रीमती नंदनी साहू, सहसपुर लोहारा श्रीमती दुर्गा सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, श्रीमती सुमित्रा पटेल, डॉ. वीरेन्द्र साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, राजकुमार मेरावी, श्रीमती दीपा धुर्वे, रोशन दुबे, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती गंगा साहू, श्रीमती ललिता धुर्वे नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# बर्खास्त बीएड शिक्षकों को अन्य पदों पर समायोजित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार लगभग 3000 शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सेवा से पृथक किया गया है। इन शिक्षकों द्वारा विगत कई माह से अलग-अलग तरीकों, आग के अंगारे पर चलना, देवी दुर्गा का रूप धारण कर अपनी सेवा में बहाली हेतु राज्य शासन का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। राज्य शासन यदि इन पीड़ित शिक्षकों पर विचार करें तो शिक्षकों का समायोजन सहायक शिक्षक के समकक्ष पदों पर संभव है। दरअसल आदिम जाति कल्याण विभाग में द श्रेणी के छात्रावास अधीक्षक के पद वर्षों से रिक्त है। साथ ही प्रयोगशाला सहायक के पद भी रिक्त है। जिन्हें शिक्षा विभाग के शिक्षक वर्षों से शिक्षकीय कार्य से मुक्त होकर अतिरिक्त प्रभार लेकर कार्य कर रहे हैं। आदिम जाति विभाग के छात्रावास को अधीक्षक मिल जाएगा वहीं इन योग्यता धारी बीएड धारित युवकों को रोजगार भी मिल जाएगा। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ व शालेय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मोहन राजपूत ने छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द में इनका समायोजन करने की मांग की है तथा कहा कि इन पीड़ित शिक्षकों की मांग भी पूरी हो जायेगी और शिक्षा विभाग को 4000 से ज्यादा शिक्षक आसानी से मिल जायेगा। इस तरह से पीड़ित बर्खास्त शिक्षकों एवं परिवार एवं परिवारों को न्याय मिल पायेगा। उन्होने राज्य शासन से पीड़ित शिक्षकों की पीड़ा एवं व्यथा को देखते हुए अविलंब छात्रावास अधीक्षक के पद पर समायोजन करने की मांग की है।

# 8 विपत्तिग्रस्त परिवार को मिली आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 8 विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है।

इसके तहत पंडरिया अनुविभाग अंतर्गत ग्राम कड़मा निवासी रामप्यारी कुचराम की जहरीले सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त बाबूलाल कुचराम को, कुई निवासी अमरू पड़वार की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती जानाबाई को, ग्राम बदना निवासी ननकी बाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त बीरसिंह को, ग्राम रोखनी निवासी गजानंद यादव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त कुलेश्वर यादव को, ग्राम घानीखुंटा निवासी बिसरू मेरावी की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त पलटु को, ग्राम हरमों निवासी दामिनी की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त रोहित मरकाम को, ग्राम धमकी निवासी बरखा पारधी की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त विनोद पारधी को और ग्राम दलसाटोला निवासी पुष्पाबाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त रमेश साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# पुल-पुलिया निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार की मांग और समस्याओं के बाद भी जिले से गुजरने वाले पोंड़ी-पंडरिया मार्ग के अधूरे कार्य को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए के कई हिस्सों की खस्ताहाल और जर्जर सड़क तथा पुल पुलिया निर्माण के प्रति संबंधित विभाग व उनके ठेकेदारों की लेटलतीफी को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार भी वर्षाकाल के दौरान इस सड़क पर सफर करना लोगों के लिए बेहद तकलीफदायक और जीवलेवा साबित हो सकता है। लोगों ने शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व पोंड़ी-पंडरिया मार्ग के बचे हुए हिस्से तथा निर्माणाधीन पुल-पुलिया को पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि शासन ने हाल के वर्षो में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए पोंड़ी-बिलासपुर मार्ग को निर्माण कराया है। इस निर्माण कार्य के तहत चिकनी और चौड़ी सड़क का निर्माण तो किया गया है लेकिन कई स्थानो में पर सड़क निर्माण कार्य को छोड़ दिया गया है। वहीं जिन स्थानों पर पुल व पुलिया निर्माण कराया जा रहा है वह भी काफी धीमी रफ्तार से चल रहा है।

## खबर का असर, मरीजों को मिली सुविधा...



**बोड़ला।** विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सरमराई मूलभूत सुविधाओं और मरीजों को हो रही भारी परेशानियों को लेकर हरिभूमि अखबार द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद अब खबर का असर दिखा है और अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनके साथ परिजनो के लिए अस्पताल परिसर में शुद्ध व शीतल पेयजल की व्यवस्था की है वहीं अन्य सुविधाओं को भी दुरूस्त किया जा रहा है।

जिला परिवहन कार्यालय कबीरधाम द्वारा दी जा रही आवेदन सुविधा

# 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




राज्य शासन द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसे लेकर वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (आरसी) में दर्ज चेचिस नंबर, इंजन नंबर तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है, वहीं जिन वाहन स्वामियों के पास ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध नहीं है वे जिला परिवहन कार्यालय कबीरधाम, परिवहन सुविधा केन्द्र्र, चॉइस सेंटर, आधार पंजीयन केंद्र अथवा स्वयं उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हेतु आवेदन कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकरी मोहन साहू ने बताया कि वाहन पर अधिकृत वेंडर द्वारा निर्धारित दर पर एचएसआरपी प्लेट लगाई जाएगी, साथ ही जिला परिवहन कार्यालय कबीरधाम में मोबाइल नंबर अपडेट एवं ऑनलाइन आवेदन करने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की कीमत भी निर्धारित कर दी गई है, जिसके तहत दोपहिया वाहनों के लिए 310 रुपए बेस प्राइस तथा 55.80 रुपए जीएसटी मिलाकर कुल 365.80 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 रुपए बेस प्राइस तथा 65.16 रुपए जीएसटी मिलाकर कुल 427.16 रुपए, चार पहिया वाहनों के लिए 556 रुपए बेस प्राइस तथा 100.08 रुपए जीएसटी मिलाकर कुल 656.08 रुपए और भारी मालवाहक वाहनों के लिए 598 रुपए बेस प्राइस तथा 107.64 रुपए जीएसटी मिलाकर कुल 705.64 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें जीएसटी भी शामिल है। जिला परिवहन अधिकारी कबीरधाम ने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों के अनुरूप अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं तथा अपने दस्तावेजों को अद्यतन कराते हुए समय पर आवेदन पूर्ण करें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# बोड़ला क्षेत्र के 895 किसानों को 61 लाख से अधिक की सहायता राशि खाते में हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से बोड़ला विकासखंड के किसानों को बड़ी राहत मिली है। ओला वृष्टि के कारण चना फसल में हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए 895 किसानों को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 61 लाख 1 हजार 250 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने ग्राम कांपा, तारों, टुकड़ा ढ़ोंगईटोला प्लांट और खैरबाना कला के किसानों की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए श्री शर्मा ने त्वरित कार्रवाई कर मुआवजा स्वीकृत करवाया। बोड़ला विकासखंड के ग्राम खैरबाना कला के 215 किसानों को 29 लाख 57 हजार 669 रुपए, तारों के 188 किसानों को 9 लाख 72 हजार 146 रुपए, ढोंगईटोला प्लांट के 124 किसानों को 6 लाख 44 हजार 986 रुपए और कांपा 368 किसानों को 15 लाख 26 हजार 449 रुपए किसानों के खातों में सीधे मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है, जिससे किसानों को तत्काल राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों के दुख-दर्द को समझती है और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को समय पर राहत मिलना एक सराहनीय कदम है और इससे किसानों का विश्वास सरकार में और मजबूत हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने त्वरित राहत कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है और आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी तरह उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

